# रिपोर्ट डिप्टी डायरेक्टर को देगा संगठन

- **लोगों को पेश आ रही समस्याओं को भी सुना**



नगर कौंसिल में जरूरतों की रिपोर्ट बनाने पहुंचे हरीश भांवरी साथियों के साथ।

संस, खन्ना : स्थानीय निकाय विभाग की डिप्टी डायरेक्टर बबीता कलेर ने मानवाधिकार सुरक्षा संगठन को जिम्मेदारी सौंपी है कि वे नगर कौंसिल खन्ना में जरूरतों की एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर भेजें, ताकि उन्हें पूरा किया जा सके। जिस पर संगठन के अध्यक्ष हरीश भांवरी ने अपनी टीम सहित बुधवार को कौंसिल का दौरा कर रिपोर्ट बनाने का काम शुरू किया। वे कई शाखाओं में गए और वहां लोगों को पेश आ रही समस्याओं को नोट किया। उन्होंने दमकल विभाग के काफी समय से बदहाल शौचालय का नोटिस भी लिया। भांवरी ने बताया कि संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डिप्टी डायरेक्टर बबीता कलेर से लुधियाना में मिला था। वहां उन्हें शहर की समस्याओं व जरूरतों की जानकारी दी गई थी। जिस पर डिप्टी डायरेक्टर ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। अब वे दो-तीन दिन लगातार कौंसिल का दौरा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके डिप्टी डायरेक्टर को सौंपेंगे, ताकि शहरवासियों की समस्याओं का हल हो सके। इस अवसर पर प्रदेश सचिव रमन पासी, खन्ना इकाई अध्यक्ष सुभाष साहनेवालिया, सचिव विनय गोयल, मुकेश कुमार, अमरीश कुमार भी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार संगठन के अनुमंडल कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**हरिमोहन चौधरी/दरभंगा**

**जन अखबार:** मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी भारत के अनुमंडल कार्यालय तारडीह प्रखंड क्षेत्र के ठेंगहा गाँव में उद्घाटन किया गया कार्यालय का उद्घाटन सकतपुर के थानाध्यक्ष अभय सिंह ने फीता काटकर कार्यलय का उदघाटन किया। मौके पर संगठन के अनुमंडल कार्यालय में हुए बैठक के दौराण जिला उपाध्यक्ष विपीन कुमार मिश्रा ने उपस्थित कमिटी के सदस्यों से कहा कि हर लोगों को मानवाधिकार की जानकारी



होनी जरूरी है। जिस प्रकार से लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है उसके प्रति लोगों को जागरूक करा कर ही अधिकार दिलाना संभव है। इसके लिए संगठन का विस्तार भी बेहद मायने रखता है। जिलाध्यक्ष वाल्मीकि यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि मानवाधिकारी व अपराध नियंत्रण संगठन का कार्य समाज में होते अपराध को हर हाल में रोकना है। साथ ही सही तरीके से समाज का हर वर्ग कानून का पालन करें इसे भी लोगों को अवगत कराना मायने रखता है। बैठक में जिला कमिटी के तरफ से मेंहदी हसन मो0 कमरुद्दीन, मो0मुर्तुजा अली, राजेश कु0 यादव,सुनील यादव, संतोष यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



दैनिक सवेरा टाइम्स

www.dainiksaveratimes.com

अंधेरे से उजाले की ओर...

पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित

अनमोल वचन

"बुद्धिमान व्यक्तियों को सलाह की आवश्यकता नहीं होती, मूर्ख लोग इसे स्वीकार नहीं करते है।"
-बैंजामिन फ्रैंकलिन

REGISTRATION NO. PB-J L-058/20-22

स्पोर्ट्स » बुमराह, सिराज पर नस्लीय टिप्पणी DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR » पृष्ठ 10+4=14 » वर्ष : 10 » अंक : 149 जालंधर, रविवार, 10 जनवरी 2021 27 पौष, विक्रमी सम्वत् 2077 « शक सम्वत् 1942 « वीर सम्वत् 2547 « मूल्य : 3 रुपए

पंजाब


# हरीश भांबरी बने मानव अधिकार सुरक्षा वर्किंग कमेटी के पंजाब प्रधान

खन्ना, 9 जनवरी (हरीश गुप्ता-विकास विजन) : मानव अधिकार सुरक्षा कमेटी संस्था ने पिछले 5 वर्षों में मानव अधिकारों के पक्ष में किए गए कार्यों को देखते हुए संस्था ने हरीश भांबरी को वर्किंग कमेटी पंजाब का पंजाब प्रधान नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर भांबरी ने कहा कि इस पद पर रहते हुए उनका मकसद हमारे देश को अपराध एवं भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नशामुक्त बनाने मे सरकार, एंटी करप्शन ब्रांच, पुलिस के अलावा जांच एजैंसियों को सहायता देना व लेना होगा। वहीं लोगों के हकों की रक्षा के लिए यह संस्था सदा प्रयत्नशील रहेंगे। भांबरी ने कहा कि आज पंजाब में नशा एक बहुत बड़ी समस्या का विषय बना हुआ है तथा हम नशे के विरुद्ध तथा मानव अधिकारों की जागरूकता के लिए सरकार तथा प्रशासन के सहयोग के साथ समय-समय पर सैमीनार लगाते रहेंगे।



हरीश भांबरी।

हिंदुस्तान दिनांक: 11/12/2018




# मानवाधिकार दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी की ओर से जीरोमाइल स्थित कार्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर एक कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश लाल गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार मानवाधिकार दिवस को सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग की। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन मुखर्जी, अजित कुमार भास्कर, विक्रम कुमार व डॉ. विरेंद्र शर्मा आदि ने मानवाधिकार हनन की घटनाओं पर चिंता जताई। उधर, भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की ओर से पक्की सराय चौक पर हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष एम राजू नैयर ने सड़क सुरक्षा को लेकर राहगीरों को जागरूक किया। मौके पर मौलाना एकराम, एम अनीस, रवि प्रकाश, फैजान मुस्तफा व मो. तौकिर भी थे।

बबनाहा, संस: प्रखंड क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव में मंगलवार को मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी के जिला सचिव उदय कुमार की अध्यक्षता में जिला कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन वैज्ञानिक डा किंकर कुमार ने किसानों को बकरी पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन एवं चारा प्रबंधन की जानकारी दी।

वहीं, मत्स्य वैज्ञानिक प्रकाश चंद्र ने तालाबों के अंदर की मछलियों के विकास के लिए भोजन प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक मनोहर पंजिकार ने सब्जी एवं मशरूम उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। मौसम वैज्ञानिक रणधीर कुमार ने मौसम के साथ कृषि संबंधित विस्तार से कहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डा

- जिला कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन
- तालाबों के अंदर मछलियों के भोजन प्रबंधन की दी गई विस्तृत जानकारी



प्रशिक्षण शिविर में पशु चिकित्सा व पशुपालन, मत्स्य व मौसम वैज्ञानिक • जागरण

रामईश्वर प्रसाद ने बकरी पालन प्रबंधन, भोजन प्रबंधन एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी। उदय कुमार ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र से मिलने वाली तकनीकी शिक्षा से बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है। प्रशिक्षण में सुधीर कुमार सिंह, ममता देवी, अर्चना देवी, किरण देवी, संजय कुमार सिंह, सोमेंद्र कुमार सिंह, रीता देवी, नरेंद्र कुमार सिंह, रुचि कुमारी, बिंदु सिंह, पुष्पा सिंह, मोहन कुमार, मुन्ना कुमार, हरिओम कुमार व दिग्विजय कुमार आदि शामिल थे।

**दैनिक भास्कर** **दिनांक: 25/09/2018**




## संगठनों ने की चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा

राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण भूमिहार महासभा की बैठक में अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने कहा कि हत्या सोची-समझी साजिश है। 24 घंटे में अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे राज्य में चरणबद्ध आंदोलन होगा। बैठक में छात्र संघ अध्यक्ष वसंत कुमार, अभिषेक कुमार, संजीव झा, प्रिंस मिश्रा, ठाकुर प्रिंस, मधु कुमार, कंचन कुमार आदि मौजूद थे। ब्रह्मर्षि परिषद अध्यक्ष रामनारायण ठाकुर, उपेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, अमरेंद्र तिवारी, प्रो. कृष्णमोहन आदि ने कहा कि अनिश्चितकालीन आंदोलन होगा। ब्राह्मण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सुनील पांडे, अजित द्विवेदी, कुंदन तिवारी, बबन मिश्रा, ब्रह्मर्षि कल्याण परिषद के अवधेश प्रसाद सिंह, रामकिशोर सिंह, मानवाधिकार कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार ने हत्या की निंदा की। हिंदू समाज पार्टी के धीरेंद्र शमशेर चुन्नू, आनंद पाठक, श्याम सिंह, राजा साहब के नेतृत्व में कल्याणी चौक पर सीएम का पुतला फूंका गया।

# हिंदुस्तान

दिनांक: 21/09/2021

# हत्यारों पर कार्रवाई को भटक रहा पिता

## गुहार लगाई

मुजफ्फरपुर | वरीय संवाददाता

मोतीपुर से मोतिहारी के कारोबारी पुत्र व उसके दोस्त की अगवा कर हत्या करने के मामले में इंसाफ के लिए परिजनों ने सोमवार को एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी से मिलकर आवेदन दिया। आवेदन के आलोक में एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। पीड़ित प्रदीप जायसवाल ने बताया कि घटना के चार साल बीत चुके हैं। तीन आईपीएस व एक डीएसपी बदल चुके, लेकिन न्याय नहीं मिल सका।

जानकारी हो कि दो जुलाई 2017 को मोतिहारी के राजेंद्र नगर के कारोबारी प्रदीप प्रसाद के पुत्र मनीष कुमार अपने दोस्त दीपक के घर पर मोतीपुर में आया था। इसके बाद उसे बदमाशों ने अगवा कर लिया था। मामले में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। जांच कर एक महीने बाद पुलिस की तरफ से कहा गया कि साहेबगंज में दोनों की हत्या कर दी गई है। शव को नदी में फेंक दिया गया, लेकिन जांच के बाद भी पुलिस की तरफ से शव को बरामद नहीं किया जा सका। चार साल में परिजन इंसाफ के लिए पुलिस अधिकारियों के दफ्तरों के दर्जनों बार चक्कर लगाए, लेकिन इंसाफ नहीं मिला। हालांकि मोतीपुर पुलिस का कहना है कि मामले में प्रिंस, बब्लू यादव व संतोष यादव को जेल भेजा गया है।

## गिरफ्तारी को सड़क पर उतरे लोग

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर निवासी छात्र गौतम की हत्या में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी ने सोमवार को शहर में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर जुटे गौतम के परिजनों व परिचितों ने नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाया।

'जस्टिस फॉर गौतम' मुहिम के तहत लोगों ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि 22 जुलाई को अहियापुर के शहवाजपुर स्थित आर्मी कॉलोनी के पास छात्र की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। अर्द्धनिर्मित मकान से शव बरामद किया गया। वह सेना भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष जताया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार, प्रकाश कुमार, प्रभा, बंटी कुमार, सौरभ कुमार, आर्यन राज, राज सिन्हा, कृष्ण कुमार व शंकर कुमार आदि लोग थे।

# बिना टोटी लगाए नल जल योजना का उद्घाटन

**अलीनगर (एसएनबी)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत लहटा तूमौल सूहथ पंचायत के वार्ड 5 के वार्ड सदस्य ने नल जल योजना में बिना टोटी लगाए ही उद्घाटन कर दिया। बता दे की 28 अगस्त को बिहार सरकार की सात निश्चय योजना के अंतर्गत नल जल योजना का शुभ आरंभ प्रखंड क्षेत्र में हर एक जगह हुआ। जहां पर लहटा तूमौल सुहथ पंचायत के वार्ड 5 के वार्ड सदस्य ने बिना टोटी लगाए ही उद्घाटन किया। जिसको लेकर के वार्ड पंच के बाल्मीकि यादव, सतनारायण कुमार,सुनील कुमार, बबलू कुमार यादव,सिकंदर यादव,रविंद्र यादव, बाबा बैजनाथ के साथ वार्ड के कई लोगों ने विरोध किया। वही मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष बाल्मीकि यादव ने विरोध करते हुए कहां कि वार्ड पांच में नल जल योजना की टावर तो बना है मगर आज तक कही किसी की घर में टोटी नही लगा हुआ है।

# पम्फलेट बांटकर किया अधिकारों बारे जागरूक

खन्ना, 11 दिसम्बर (स.ह.): मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा संस्था के अध्यक्ष अमरीश बांसल के निवास स्थान पर आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के राज्य इकाई के अध्यक्ष हरीश भांबरी ने शिरकत की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरीश भांबरी ने बताया कि आज की बैठक में उपस्थित लोगों को उनके बनते अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। तदोपरांत बड़ी संख्या में पम्फलेट बांटते हुए लोगों को जानकारी दी गई व मौके पर कई समस्याओं का निपटारा भी किया गया।

भांबरी ने बताया कि आज भी अधिकांश लोग अपने बनते अधिकारों से वंचित हैं जिसका मुख्य कारण उनमें जागरूकता की कमी है। उनकी यह मुहिम भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगी।

इस अवसर पर मुकेश वधावन सचिव खन्ना यूनिट, महासचिव विजय कुमार, हरदयाल सिह, कृष्ण, गुरदीप, कुलविंद्र सिह, गुरचरण कौर, इंद्र सिंह, वैद्य डिप्टी चंद मित्तल भी उपस्थित थे।



बैठक संबंधी जानकारी देते हुए हरीश भांबरी व अन्य। (स.ह.

**प्रभात खबर** **दिनांक: 11/12/2018**




राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के बिहार इकाई की ओर जीरोमाइल स्थित कार्यालय में संगोष्ठी हुई. राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश लाल गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय व राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग उठायी.

# वैज्ञानिकों ने किसानों का बढ़ाया हौसला

बेलसंड | एक प्रतिनिधि

प्रखंड के सौली-सिरसिया गांव में किसानों के फसल का संकुल पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी के जिला सचिव उदय कुमार ने की। जिला कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने सरसों व मसूर के लहलहाती फसल का निरीक्षण किया। 15 एकड़ में लगे सरसों के फसल व 10 एकड़ में लगे मसूर के फसल को देख कर वैज्ञानिकों ने किसानों का हौसला बढ़ाया।

वहीं किसान भी अच्छी फसल को लेकर खुश नजर आए। फसल वैज्ञानिक सच्चिदानन्द प्रसाद ने बताया कि गेहूं के फसल के साथ ही दलहन व



बेलसंड के गांव में किसानों को जानकारी देते फसल वैज्ञानिक।

तिलहन की अच्छी पैदावार से किसानों को लाभ मिलेगा। बताया कि सरसों की फसल में मुख्य रूप से लाहि के बचाव हेतु इमिदाक्लोरोप्रिड एक एमएल दो लीटर पानी की दर से प्रयोग कर छिड़काव करें। मसूर के फसल में हुमिक एसिड एक एमएल प्रतिलीटर पानी की दर से प्रयोग कर छिड़काव करें। इससे बढ़िया तरीके से विकास होगा। मौके पर अवकाश प्राप्त शिक्षक दशरथ पासवान, पूर्व उपप्रमुख रामलोभित पासवान, दिग्विजय कुमार, मुन्ना कुमार, हरिओम कुमार, मनोज कुमार, शिला देवी, विजय कुमार बसंत आदि उपस्थित थे।

# बिहार के ड्रीम प्रोजेक्ट सात निश्चय के नल जल योजना में मची हैं लूट

**हरिमोहन चौधरी/दरभंगा**



**जन अखबार:** अलीनगर प्रखंड क्षेत्र के लहटा,तुमौल और सुहथ पंचायत में सात निश्चय योजना के तहत चलाए जा रहे विकास कार्यों में धांधली का मामला उठाते हुए पंचायत वार्ड नंबर 5 सुहथ गांव के दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को आवेदन देकर जांच का अनुरोध किया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि सात निश्चय योजना के तहत नल-जल कार्य का माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा उदघाटन तो हो गया लेकिन जल के आपूर्ति के लिए नल कही भी नहीं लगाया गया हैं। संबंधित व्यक्ति और कार्य एजेंसी खुलकर मनमानी कर रही है।आवेदन के अनुसार लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हेतु घर तक नल का जल उपलब्ध नहीं हो रहा हैं। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि सुहथ वार्ड नंबर 5 में इस धांधली का विरोध करने पर संबंधित लोग आवाज को दबाने का भी काम करते हैं। मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी भारत के जिलाध्यक्ष वालमीकि यादव ने बताया कि मेरा द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी अलीनगर,दरभंगा जिलाधिकारी और बिहार के मुख्यमंत्री जी को इसकी सूचना अपने स्तर से पोस्ट आफिस और सोशल मीडिया के माध्यम से दे दिया गया हैं ।वहीं उन्होंने कहा कि सभी स्थानीय वार्ड सदस्य तथा नल-जल योजना के संवेदक से काफी परेशान हो चुका हूँ। इस कारण जिला पदाधिकारी ,ग्रामीण विकास मंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष आवेदन मेरे द्वारा भेजा गया हैं।

**दैनिक भास्कर** **दिनांक: 19/06/2019**




**चमकी बुखार पीड़ित बच्चों के परिजनों के लिए जताई संवेदना** | राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी की बैठक जीरोमाइल स्थित कार्यालय में हुई। इसमें सदस्यों ने चमकी बुखार से पीड़ित बच्चों के परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर रामदयाल कुमार, अजीत कुमार, रवि कुमार, बंटी कुमार, इंद्रजीत कुमार एवं सुनील कुमार आदि शामिल थे। उधर, भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल के नेतृत्व सदस्यों ने एसकेएमसीएच पहुंचकर पीड़ित बच्चों का हाल जाना।

# मानवाधिकार का संरक्षण हमारा धर्म, ली शपथ

**तारडीह, संस :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के टेगहा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरि झा जवाहर झा आजाद, बिपीन मिश्रा, सियाराम ठाकुर और राजेश यादव ने कहा कि मानवाधिकार का संरक्षण हमारा धर्म है। वहीं प्रखंड मुख्यालय परिसर में सीओ विष्णुदेव सिंह के नेतृत्व में प्रखंड व अंचल कर्मियों ने मानवाधिकार संरक्षण को लेकर शपथ ली।

**प्रभात खबर** **दिनांक: 21/09/2021**

ब्रीफ न्यूज



# गौतम के हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी

**मुजफ्फरपुर.** मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी भारत (ट्रस्ट) की ओर से सोमवार को खुदीराम बोस स्मारक पर जस्टिस फॉर गौतम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें गौतम हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी व सजा की मांग की गयी. स्मारक स्थल से समाहरणालय गेट के सामने तक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया. वरीय पुलिस अधिकारियों से आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की गयी. इसमें गौतम हत्याकांड के सूचक के अधिवक्ता अजीत भास्कर, मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी भारत ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील कुमार व सूचक प्रकाश कुमार व उनकी पत्नी प्रभा के साथ, विरजून राय, बंटी कुमार, सौरभ कुमार, आर्यन राज, राज सिन्हा, राजू कुमार आदि मौजूद थे.



*बच्चों का सम्मान करते हुए स्कूल प्रबंधक।* (कमल)

## भक्त पूर्ण सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल राजेवाल

भक्त पूर्ण सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल राजेवाल में ह्यूमन राइट्स प्रोटैक्शन संस्था की ड्यूटी लगाई गई। उनके साथ नगर कौंसिल खन्ना के कार्यसाधाक अधिकारी चरनजीत सिंह और ईसड़ू अस्पताल के डा. गुरमन सिंह मैडीकल चैकअप के लिए पहुंचे।

इस मौके पर पंजरुखा, तुरमरी, दौरे, इसनपुर, रोहनो खुर्द, कला, नरैणगढ़, टोंसा स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। भक्त पूर्ण सिंह स्कूल द्वारा बच्चों के खाने-पीने का बहुत बढ़िया प्रबंध किया गया। इस मौके पर हरीश भांबरी प्रधान, विजय कुमार, बलवंत सिंह, कल्पना [illegible] प्रिंसीपल राजेवाल स्कूल भी शामिल थे।

# प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण किया

खन्ना, 30 जुलाई (स.ह., अनमोल): खन्ना के अमलोह रोड कालेज कालोनी के एक प्ले-वे स्कूल में न्यू ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन आर्गेनाइजेशन की ओर से पौधे लगाए गए और साथ ही इनकी संभाल का संकल्प भी दिलाया गया।



स्कूल में पौधारोपण करने से पहले संयुक्त रूप से चित्र खिंचवाए जाने का दृश्य। (मंगत)

संस्था के अध्यक्ष हरीश भांबरी ने कहा कि वातावरण में बढ़ता जा रहा प्रदूषण खतरे की घंटी है। दिन-रात बज रही इस घंटी से सामाजिक प्राणियों के कान अभी तक खुले नहीं हैं। नतीजतन इसके नुक्सान मनुष्य पर गंभीर असर डाल रहे हैं। जानलेवा बीमारियां फैल रही हैं। इन्हें रोकने के लिए वातावरण का शुद्ध होना लाजिमी है। हर नागरिक अपना फर्ज समझे और वातावरण को दूषित होने से बचाए। हमारी संस्था पूरे शहर में पौधे लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। स्कूल डायरैक्टर गोल्डी चोपड़ा तथा प्रिंसीपल पल्लवी चोपड़ा ने संस्था के कामों की प्रशंसा की।

इस मौके पर महासचिव विजय कुमार, कृष्ण कुमार खन्ना इकाई के अध्यक्ष अमरीश बांसल, उपाध्यक्ष गगनदीप रत्न, अरविंद्र वालिया, डेविड, वंश भांबरी, गुरजीत सरहदी, नानक माटा, गुलजीत माटा, रश्मि, रिंपी शर्मा आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर दिनांक: 08/09/2021

# गौतम हत्याकांड की सीआईडी जांच की मांग

मुजफ्फरपुर | गौतम हत्याकांड के आरोपियों पर कार्रवाई के लिए मानव सुरक्षा कमेटी भारत (ट्रस्ट) ने मोर्चा खोल दिया है। इस मामले में मंगलवार को कमेटी की ओर से वकील सुनील कुमार व अजीत कुमार भास्कर ने वकालतखाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जस्टिस फॉर गौतम का अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आईओ को बदल कर सीआईडी से केस जांच कराने की मांग उठाई गई है।

**प्रभात खबर** **दिनांक: 07/02/2018**

# अधिवक्ता को सम्मान

**मुजफ्फरपुर.** राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी भारत सरकार द्वारा बिहार प्रदेश अध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता सुनील कुमार को नियुक्त किया गया है. सामाजिक क्षेत्र में किये गये काम के लिए आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीएल गुप्ता ने उन्हें यह पद दिया है. सुनील अहियापुर थाने के मुरादपुर दुल्लाह गांव निवासी लिपिक शिवध्यान प्रसाद के पुत्र हैं. प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कमेटी के सदस्य चंदन मुखर्जी, रवि शंकर, पुरुषोत्तम कुमार, बालबोधं राय, मणिभूषण सिंह, बंटी कुमार ने बधाई दी है.



**दैनिक भास्कर** **दिनांक: 21/09/2021**

# गौतम हत्याकांड में न्याय को निकाला कैंडल मार्च

**मुजफ्फरपुर**|अहियापुर के गौतम हत्याकांड में गलत दिशा में छानबीन करने व आरोपियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा रहे परिजन के साथ स्थानीय लोग आ गए हैं। स्थानीय लोगों ने जस्टिस फॉर गौतम के बैनर तले सोमवार को कैंडल मार्च निकाला। मार्च खुदीराम बोस स्मारक स्थल से भारत माता नमन स्थल तक शांतिपूर्ण पहुंचा।

**हिंदुस्तान** **दिनांक: 30/07/2018**



## चोरी के आरोप में पिटाई से हुई मौत की निंदा

मुजफ्फरपुर। बैरिया के जगदंबा नगर में चोरी के आरोप में पिटाई से हुई मौत की राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी भारत के बिहार कमेटी के अधिकारियों ने निंदा की है। मामले में रविवार को प्रेस ब्यान जारी कर संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि यह घटना मानवता को शर्मशार करने वाली है। संस्था की एक टीम पीड़ित परिवार से मिलकर पूरे घटना की जानकार लेगा। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग सरकार से की जाएगी।

**प्रभात खबर** दिनांक: 11/12/2020

# मानवाधिकार दिवस पर सरकारी छुट्टी की उठी मांग

**मुजफ्फरपुर** . विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी भारत की ओर जीरोमाइल स्थित्त कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सुनील कुमार, सचिव अधिवक्ता अजीत कुमार भास्कर ने मानवाधिकार दिवस पर सरकारी छुट्टी की घोषणा करने की मांग उठायी . उसने बताया कि पूर्व में भी हमारी संस्था ने यह मांग उठायी थी . यह मांग केंद्र व राज्य सरकार से की गयी . मौके पर कमेटी के कोषाध्यक्ष अर्जुन कुमार, सहायक सचिव राज सिन्हा, बंटी कुमार सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे .

# दैनिक भास्कर दिनांक: 11/12/2018




मानवाधिकार दिवस पर सेमिनार को संबोधित करते कौशलेन्द्र झा।

- **राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के जीरोमाइल स्थित कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित**

दूसरी ओर राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के जीरोमाइल स्थित कार्यालय में विश्व मानवाधिकार के अवसर पर कार्यक्रम हुआ। इसमें चंदन मुखर्जी, अधिवक्ता अजीत कुमार भास्कर, विक्रम कुमार, डॉ. वीरेंद्र शर्मा, अजीत कुमार, दीपक कुमार, वेंकटेश्वर सिंह, अजय मेहता, शशि भूषण पांडेय, विनय सिंह, संतोष सिंह समेत कई

# स्वतंत्र नव भारत दिनांक: 13/09/2021

, ..., 9.
न वर्मा उदय
उत्तर प्रदेश,
क्षी स्वरा
बिहार
नील कुमार
बिहार, 12.दीन
दीक्षित 'दीन'
डा. महताब
आजाद, उत्तर
3. अखलाक
'भारतीय',
उ.प्र.,
द्र कुमार,
बिहार, 15.
सून, कटिहार,
6. विद्या शंकर
थिक, कानपुर
विवेक बिहारी,
त सुतार 'सूर्या'
या, 19. यादव
झारखंड,
कटिहार, 21.
राजनांदगांव
त, 22.मुस्कान
र छत्तीसगढ़,
टिहार ,बिहार,
क, बेगुसराय
ताब अहमद
श, 26.कवि
कोर्ट ग्लास टर
बंगाल, 27.
टकवार, 28.
हार (बिहार),
दर्शिनी, पटना

नक्सेना दत्ता,
सिंह माणिक,
श्रीवास्तव,
नम कुमारी,
. डॉक्टर उषा
. डोमन निषाद
36. दीप्ति
व

आनन्द से शिकायत भी किया गया था जिसके बाद आपत्ति दर्ज करने का समय दिया गया था लेकिन कम समय मिलने या जानकारी के अभाव में बहुत लोग सुधार नही करवा सके।

## .पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान के प्रथम पुण्यतिथि पर मानवाधिकार के सदस्य ने किया शोक व्यक्त

**स्वतंत्र नवबिहार मुजफ्फरपुर।**

मीनापुर में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान के प्रथम पुण्यतिथि पर किया याद मानवाधिकार के सदस्य ने शोक व्यक्त किया एच आर डी सी मानवाधिकार के सदस्य सह समाजिक कार्यकर्ता बालबोध झा उर्फ सन्नी झा ने पूर्व मंत्री रामविलास जी को याद किया।कहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री, लोजपा के संस्थापक पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की पहली बरसी पर



भावपूर्ण श्रद्धांजलि। स्वभाव से सरल और सहज आदरणीय स्वर्गीय रामविलास पासवान जी ने आजीवन गरीब, दलित और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए काम किया है।

मौके पर मानवाधिकार मुजफ्फरपुर जॉइन सेक्रेटरी चंद्रमोहन यादव ने कही।लोजपा के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री 'पद्म भूषण' स्व. रामविलास पासवान जी की प्रथम बरसी पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन। मानवाधिकार मीनापुर प्रखंड अध्यक्ष आकाश कुमार सिंह ने कही। शोषित वंचित पिछड़ों गरीब दलित असहाय की आवाज पदम भूषण से सम्मानित आदरणीय स्व० रामविलास पासवान जी के प्रथम बरसी पर भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ। मौके पर मानवाधिकार मीनापुर के प्रखंड उपाध्यक्ष बिट्टू यादव ने कहा पूर्व केंद्रीय मंत्री, दलितों के मसीहा, लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक, पद्म विभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान जी की प्रथम पुण्यतिथि पर टीम की ओर से भावभीनी श्रधांजलि और कोटि कोटि नमन।

# मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी भारत का संगठन विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन



**हरिमोहन चौधरी/दरभंगा**

**जन अखबार:** मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी भारत के जिला कार्यालय,दोनार चौंक ब्रह्म स्थान कंप्लेक्स में संगठन विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। दरभंगा मानवाधिकार सुरक्षा कमिटी भारत के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता बाल्मीकि यादव द्वारा किया गया।बाल्मीकि यादव ने कहा कि समाज में फैले कुरीति को दूर भगाना हैं। हम सभी को मिलकर प्रखंड और पंचायत से अन्याय को मिलकर दूर भगाना है।मौके पर विपिन मिश्र ,प्रिंस,कमरुद्दीन, राजेश यादव ,सतनारायण साहु,रमेश मुखिया,मुकेश मुखिया ,बिनोद मुखिया अन्य जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

हिंदुस्तान

दिनांक: 23/07/2018

# दवा कंपनियों की मनमानी का करेंगे विरोध

**समारोह**

मुजफ्फरपुर | कार्यालय संवाददाता

दवा कंपनियों की ओर से अधिकारियों व कर्मियों के साथ होने वाली मनमानी के खिलाफ रविवार को सेल्स एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन का गठन किया गया। तिलक मैदान रोड स्थित एक रेस्टूरेंट में आयोजित समारोह में एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि दवा कंपनियां मनमाने तरीके से छंटनी कर देती हैं। बिना उचित कारण के अधिकारियों व कर्मियों का वेतन बंद कर दिया जाता है। श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जाता है।

इससे पहले इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. ब्रजमोहन, सचिव डॉ. सीबी कुमार, एसोसिएशन के सचिव राजीव व मुख्य मुख्य सलाहकार चंदन मुखर्जी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सचिव राजीव ने कहा कि एसोसिएशन अधिकारियों व कर्मियों के हितों के साथ खड़ा रहेगा। आईएमए के अधिकारियों ने एसोसिएशन को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। संचालन अजय मेहता ने किया। मौके पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ सेल्स एकजक्यूटिव के अध्यक्ष राणा चटर्जी, राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार, डीके झा, नीतीश कुमार, बंटी कुमार, अरविंद अखौरी व दिनेश कुमार आदि लोग थे।

## एसोसिएशन का गठन

- दवा कंपनियों के अधिकारियों व कर्मियों ने सेल्स एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन का किया गठन
- एसोसिएशन ने कंपनियों के मनमानी व छंटनी के खिलाफ आवाज उठाने का किया ऐलान



रविवार को सेल्स एक्सक्यूटिव एसोसिएशन की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

दैनिक भास्कर दिनांक: 06/07/2019

# चमकी-बुखार से मृत बच्चों को दी गई श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर | राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा कमेटी ने खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर मौन कैंडल मार्च निकाल चमकी-बुखार से मृत बच्चों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर सुनील कुमार कुशवाहा, चंदन मुखर्जी, विनोद कुशवाहा, अजीत कुमार भास्कर, बंटी कुमार, मो निराले, मो सर्फराज, इंद्रजीत कुमार, जीतेश सिन्हा, सूरज खान, मो. मोक्किम, गोविंद कुमार, आर्यन खान, चंदन कुमार, राहुल कुमार, अजीत कुमार, रविचंद्र कुमार आदि थे। उधर, लोजपा ने भगवानपुर में शोक सभा आयोजित कर एईएस से मरे बच्चों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास पासवान का जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया। इसके बाद भगवानपुर पंचायत की स्लम बस्तियों में बच्चों के बीच ओआरएस, बिस्किट व नैपकिन का वितरण किया गया। मौके पर अजय कुमार सिंह, सुनील कुमार तिवारी, संजय पासवान, शुभंकर सिंह, चंदन पासवान, राज कुमार पासवान, मनोज कुमार आदि थे।

# दैनिक जागरण

दिनांक: 25/09/2018



## हर हाल में गिरफ्तार किए जाएं समीर कुमार के हत्यारे

**मुजफ्फरपुर** : निकटतम प्रत्याशी संघ के अध्यक्ष सुधीर ठाकुर, स्वामी सहानंद सरस्वती विचार मंच के अध्यक्ष हरिराम मिश्रा, राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार, डॉ . श्री कृष्ण सिंह सेवा समिति के सचिव उमेश पांडेय, ब्रह्मर्षि परिषद बिहार के महामंत्री देवेंद्र विद्यार्थी, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष भूपाल भारती हिंद सेना के नगर संयोजक निलेश मिश्रा, भूमिहार चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष अमित विक्रम एवं अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के जिलाध्यक्ष सत्यम सिंह, राजद नेता डॉ . विनोद यादव, जदयू नेता इसराइल मंसूरी, पप्पू पांडेय ने समीर कुमार की मौत पर शोक व्यक्त किया है। सरकार से राज्य में विधि व्यवस्था को बहाल करने, हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा देने की मांग की।